न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी : भागीरथ राम, आर.ए.एस.
राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2023/141
दायरा तिथि : 07.08.2023
आदेश तिथि : 09-09-23
प्रार्थीगण :–

कपूरराम पुत्र लुम्बाराम जाति मेघवाल
निवासी बेडा तहसील बाली

ब ना म

अप्रार्थी :–

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार बाली

आदेश दिनांक: 09-09-23

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है:– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र तहसीलदार बाली की अभिशंषा सहित प्राप्त हुआ। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि ग्राम बेडा प्रथम के खाता संख्या 557 के खसरा नंबर 38/2 रकबा 1.6000 हैक्टर किस्म बा.दो. के दक्षिणी माठ पर खसरा नंबर 38/4 स्थित है जो सही रूप से तरमीम नहीं की गई है जिसे शुद्ध करवाने हेतु निवेदन किया है।

इस संबंध में तहसीलदार बाली ने जांच प्रतिवेदन मय पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के पेश की है। प्रस्तुत जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संलग्न वक्त नियमन पत्रावली पत्रावली दिनांक 26.06.2002 की फोटो प्रति के नक्शा में नियमन रकबा 1.0000 हैक्टर दर्शित रकबा एवं हाल वर्तमान में तरमीम खसरा नंबर 38/4 का नक्शा में दोनों की स्थिति भिन्न है तथा खसरा नंबर 38/4 की तरमीम वक्त सेग्रीगेशन के तहत अशुद्ध हुई है जिसको तहसीलदार बाली एवं पटवारी हल्का बेडा प्रथम ने त्रुटि स्वीकार करते हुये दुरस्त करने की मांग की है तथा जिसको दुरस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर माफिक रिपोर्ट नक्शे में ग्राम बेडा प्रथम के खाता संख्या 557 के खसरा नंबर 38/4 रकबा 1.0000 हैक्टर किस्म बा.दो. की तरमीम शुद्धि के आदेश दिये जाते है। पटवारी हल्का बेडा प्रथम हाल अतिरिक्त चार्ज भू–अभिलेख निरीक्षक बेडा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट मय नजरी नक्शा को आदेश का भाग माना जावें। आदेश प्रति तहसीलदार बाली व पटवारी हल्का बेडा प्रथम को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(भागीरथ राम)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, बाली
उपखण्ड अधिकारी
बाली (जिला–पाली) राज.

दिनांक : 14-09-23

क्रमॉक/कोर्ट/2023/533-34
प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः–

1. तहसीलदार, बाली
2. पटवारी हल्का, बेडा प्रथम

उपखण्ड अधिकारी
बाली
उपखण्ड अधिकारी
बाली (जिला–पाली) राज.